RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 238 | नागौर, 02 अगस्त, 2022 (मंगलवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## प्रदेश के 19 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट



जयपुर.

राजस्थान में जुलाई में रिकॉर्ड बारिश हुई। 31 जुलाई तक राज्य में औसत 216.4स्रू बारिश के मुकाबले 324.9स्रू बरसात हो चुकी है, जो 50 फीसदी ज्यादा है। प्रतापगढ़ को छोड़कर शेष सभी जिलों में बारिश सामान्य से ऊपर है। प्रतापगढ़ में सामान्य से 2 फीसदी कम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने 3 जुलाई से फिर मानसून एक्टिव होने की संभावना जताई है। पूर्वी राजस्थान के 19 जिलों में तेज बारिश हो सकती है।

पिछले 24 घंटे में उत्तरी राजस्थान के हिस्सों में कहीं-कहीं मध्यम से तेज बारिश दर्ज हुई। हनुमानगढ़, गंगानगर जिले में 5 इंच से ज्यादा बरसात रिकॉर्ड हुई। गंगानगर के चुनावध में सबसे ज्यादा 143एमएम (5 इंच से ज्यादा) बरसात हुई। इधर, हनुमानगढ़ के रावतसर में 134, संगरिया में 119 और हनुमानगढ़ 102एमएम बारिश दर्ज हुई। झुंझुनूं के मलसीसर, चिड़ावा, बुहाना में भी बरसात हुई।

## देश में 14,352 कोरोना के नए केस, 23 की मौत



नई दिल्ली

देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 14,352 नए केस मिले हैं, जबकि 23 लोगों की मौत हुई है। वहीं एक्टिव केस की संख्या 1 लाख 36 हजार 961 है। बीते दिन 13,766 लोग रिकवर भी हुए हैं। इसके एक दिन पहले शनिवार को 17,317 मिले थे और 34 लोगों की मौत हुई थी। पश्चिम बंगाल में रविवार को कोरोना के 1,011 नए केस मिले हैं। इसी के साथ केस बढ़कर 20 लाख 93 हजार 891 हो गए हैं। वहीं सभी राज्यों के मुकाबले यहां 7 लोगों की मौत हुई है। देश में पॉजिटिविटी रेट के मामले में उत्तराखंड पहले नंबर (15.57%) पर है। यहां एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 1645 हो गई है। वहीं दूसरे नंबर पर (15.40%) हिमाचल प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या बढ़ेकर 5554 हो गई है। हिमाचल में डॉक्टरों ने बताया कि लोग दूसरी बीमारियों के इलाज के लिए अस्पताल आ रहे हैं, लेकिन टेस्टिंग में वे पॉजिटिव पाए जा रहे हैं। राज्य में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालयों में मास्क पहनना अनिवार्य किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किए थे।

## नाबालिग बुआ ने भतीजी की तलवार से गर्दन काटी

### तंत्र-मंत्र के चक्क र में 7 साल की बच्ची की सोते समय हत्या

डूंगरपुर.

तंत्र-मंत्र के चक्कर में 16 साल की बुआ ने 7 साल की भतीजी की तलवार से गर्दन काटकर हत्या कर दी। तलवार हाथ में लेकर दौड़ती बेटी को पिता और ताऊ पकड़ने के लिए दौड़े तो उन पर भी हमला कर दिया। डर के मारे घरवाले भाग गए। लड़की कमरे में सो रही भतीजी को घसीटते हुए घर के दूसरे हिस्से में ले गई और ताबड़तोड़ वार कर गर्दन धड़ से अलग कर दी। मामला डूंगरपुर जिले के चितरी थाना इलाके में सोमवार तड़के 3 बजे का है। घटना झिंझवा फला गांव की है। परिवार के लोगों ने बड़ी मुश्किल से लड़की को पकड़ा। रात 3 बजे घटना की सूचना पुलिस को दी गई। थाना इंचार्ज गोविन्द सिंह मौके पर पहुंचे। घर के बाहर 7 साल की बच्ची की लाश पड़ी थी। घरवालों के बताने पर लड़की को डिटेन कर लिया है। बांसवाड़ा से स्न्रस्रु की टीम को बुलाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नाबालिग की काउंसिलिंग की जा रही है।

## कॉमर्शियल गैस सिलेंडर सस्ता हुआ

### तेल कंपनियों ने 36 रु सिलेंडर कीमत घटाई

**जयपुर.** राज्य में आज तेल-गैस कंपनियों ने कॉमर्शियल उपयोग के सिलेण्डर में कमी की है, हालांकि घरेलु उपयोग के रसोई गैस सिलेण्डर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले एक महीने में कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर की कीमतों में ये दूसरी बार बदलाव हुआ है। बढ़ी हुई कीमतें आज से बाजार में लागू होगी। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन ऑफ राजस्थान के महासचिव कार्तिकेय गौड़ ने बताया कि तेल-गैस कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 36 रुपए कम किए है। इस कमी के बाद 19 किलोग्राम का गैस सिलेण्डर आज से बाजार में 2038 रुपए की जगह 2002 रुपए में मिलेगा।

## लोकसभा में वित्तमंत्री का विपक्ष पर तंज

# महंगाई पर चर्चा में हुई राजनीति

### कांग्रेस सांसदों का सदन से वॉकआउट

## यूपीए के दौरान 22 महीने रिटेल महंगाई 9% से ऊपर रही, हम 7% से नीचे लाए : वित्त मंत्री

नई दिल्ली.

लोकसभा में सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महंगाई पर सरकार की ओर से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के रहते देश में महंगाई 9 बार डबल डिजिट में रही। यूपीए सरकार के दौरान 22 महीने रिटेल महंगाई 9% से ज्यादा रही। हम महंगाई को 7% से नीचे लाने की कोशिश कर रहे हैं।

जीएसटी संग्रह पिछले 5 महीनों से लगातार 1.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। 8 इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में जून में डबल डिजिट में बढ़ोतरी हुई। जून में कोर सेक्टर में वार्षिक दर से 12.7% की बढ़ोतरी दर्ज की गई। भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत सकारात्मक संकेत दिखा रही है। इस बीच, महंगाई पर चर्चा के लिए सीतारमण के जवाब के बीच कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा से वॉक आउट कर दिया।

### भारत में मंदी की संभावना जीरो

वित्त मंत्री ने कहा, अमेरिका की जीडीपी में दूसरी तिमाही में 0.9% की गिरावट दर्ज की गई और पहली तिमाही में 1.6% की गिरावट दर्ज की गई थी जिसे उन्होंने अनौपचारिक मंदी का नाम दिया। भारत में मंदी या मुद्रास्फीतिजनित मंदी का सवाल ही नहीं उठता। ब्लूमबर्ग के सर्वे में बताया गया है कि भारत में मंदी की संभावना 0 है।

### जुलाई 2022 में दूसरे बड़ा जीएसटी कलेक्शन

सीतारमण ने कहा कि जुलाई 2022 में, हमने जीएसटी लागू होने के बाद से अब तक का दूसरा उच्चतम कलेक्शन हासिल किया है। जुलाई में जीएसटी कलेक्शन जो 1.49 लाख करोड़ रुपए रहा। यह लगातार पांचवां महीना है जब कलेक्शन 1.4 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा है।

### विपरीत हालात में भी भारत की इकोनॉमी बेहतर

वित्त मंत्री ने कहा, हमें देखना होगा कि दुनिया में क्या हो रहा है और भारत दुनिया में क्या स्थान रखता है। विश्व ने ऐसी महामारी का सामना पहले कभी नहीं किया। महामारी से बाहर आने के लिए हर कोई अपने स्तर पर काम कर रहा है, इसलिए मैं भारत के लोगों को इसका श्रेय देती हूं। विपरीत हालात में भी भारत की इकोनॉमी बेहतर है। हमें कोरोना महामारी को भी ध्यान में रखना होगा। राजनीति से ऊपर उठकर देश पर गर्व करना होगा। ऐसा नहीं है कि देश में समस्या नहीं है। विपक्ष महंगाई पर राजनीति न करे।



### भारत मंदी की ओर नहीं जा रहा

ये भी ध्यान देने की जरूरत है कि दुनिया किधर जा रही है। भारत मंदी की ओर नहीं जा रहा है। अमेरिका में अघोषित मंदी है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पिछले 2 साल में भारत को विश्व बैंक, IMF और दूसरी वैश्विक संस्थाओं द्वारा विश्व की विकास दर और भारत की विकास दर के बारे में कई बार आकलन है। हर बार जब उन्होंने आकलन किया है, विश्व की विकास दर उस अवधि में अनुमान से कम रही है, भारत की भी विकास दर अनुमान से कम रही है, लेकिन हर बार भारत की विकास दर सर्वाधिक रही है। बता दें कि सरकार की तरफ से लगातार यही कहा जा रहा था कि वित्त मंत्री कोविड संक्रमित हैं और उनके स्वस्थ होकर वापस आते ही सरकार इस पर चर्चा कराने को तैयार हैं। वित्त मंत्री अब स्वस्थ होकर संसद में आ चुकी हैं। 18 जुलाई को मानसून सत्र की शुरुआत हुई थी।

## कांग्रेस के 4 सांसदों का निलंबन रद्द

भारी हंगामे के बीच लोकसभा ने कांग्रेस के चार सदस्यों का निलंबन वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। जिन सासंदों का निलंबन रद्द किया गया है उनमें मणिकम टैगोर, टी एन प्रतापन, ज्योतिमणि और राम्या हरिदास का नाम शामिल है। निलंबन वापस लिए जाने के साथ ही मानसून सत्र में सदन के भीतर पिछले कई दिनों से चल रहा गतिरोध खत्म हो गया। बता दें कि लोकसभा में विभिन्न मुद्दों पर हंगामे के दौरान तख्तियां दिखाकर प्रदर्शन करने और आसन की अवमानना करने के मामले में गत 25 जुलाई को कांग्रेस के इन चार सदस्यों को चालू सत्र की शेष अवधि के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया था। संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही दोनों सदनों की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ रही है। विपक्ष सरकार पर गंभीर मुद्दों पर चर्चा न कराने का आरोप लगा रहा है। हालांकि सोमवार को कांग्रेस सासंदों का निलंबन वापस लिए जाने के बाद लोकसभा की कार्यवाही वापस पटरी पर लौट आई। लोकसभा ने आज दोपहर कांग्रेस सांसदों के निलंबन को रद्द करने के बाद महंगाई पर बहस शुरू कर दी। इससे पहले सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। दो बार स्थगन के बाद दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर पीठासीन उपाध्यक्ष भुवनेश्वर कालिता ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए।

### टीएमसी सांसद ने कच्चा बैंगन खाया, बोलीं- रसोई गैस के दाम बढ़े, अब सरकार यही चाहती है

लोकसभा में महंगाई पर चर्चा शुरू हो गई है। इस दौरान टीएमसी की महिला सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने पहले कच्चा बैगन दिखाया और फिर उसे काट कर खा लिया। गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि रसोई गैस इतनी महंगी है कि कच्ची सब्जियां खाने का सहारा लेना पड़ेगा। एक महीने में चार बार गैस के दाम बढ़े हैं। क्या सरकार चाहती है कि हम कच्ची सब्जी खाएं। सोमवार शाम 7 बजे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण महंगाई पर चर्चा का जवाब देंगी। इससे पहले लोकसभा में विपक्षी सांसदों का निलंबन निरस्त कर दिया गया। साथ ही स्पीकर ओम बिड़ला ने सांसदों को चेतावनी दी कि अब सदन में तख्तियां लहराईं तो सख्त एक्शन होगा।

## शिवसेना सांसद संजय राउत को नहीं मिली राहत

# 4 अगस्त तक ईडी की कस्टडी में रहेंगे

नई दिल्ली

धन संशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत 4 अगस्त तक ईडी की कस्टडी में रहेंगे। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से संजय राउत को लेकर 8 दिनों के लिए हिरासत की मांग की गई थी। लेकिन कोर्ट ने सिर्फ 4 अगस्त तक ही संजय राउत को ईडी की हिरासत में रखने का फैसला सुनाया है। संजय राउत के वकील अशोक मुंदरगी ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि संजय राउत दिल की बीमारियों के मरीज हैं। उनकी सर्जरी भी की गई थी। इसके साथ ही उनके वकील ने इससे जुड़े कागजात को भी कोर्ट के समक्ष पेश किए।

संजय राउत के वकील को उनसे मिलने की इजाजत दे दी गई है। संजय राउत के वकील ने इस बात की भी मांग की है कि उनसे देर रात तक पूछताछ ना हो जिसके जवाब में ईडी ने कहा कि उनसे 10:00 बजे तक ही पूछताछ की जाएगी। इससे पहले शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने संजय राउत के परिवार से मुलाताक की थी। इसके बाद उन्होंने कहा कि संजय राउत पर गर्व है। पुष्पा में एक डायलॉग है- झुकेगा नहीं। लेकिन असली शिवसैनिक जो झुकेगा नहीं वो संजय राउत हैं। जो कहते थे वो झुकेंगे नहीं आज वो सब तरफ हैं। यह बालासाहेब द्वारा दिखाया गया निर्देश नहीं है। राउत ही सच्चे शिवसैनिक हैं। भाजपा पर आरोप लगाते हुए ठाकरे ने कहा कि हमारे खिलाफ बोलने वाले का सफाया करना होगा - ऐसी मानसिकता के साथ प्रतिशोध की राजनीति चल रही है।

इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को दोपहर बाद शिवसेना के सांसद संजय राउत को विशेष अदालत के समक्ष पेश किया। रविवार देर रात प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुंबई की एक चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से पहले ईडी ने राउत के आवास पर करीब नौ घंटे तक छापेमारी की, जिसमें 11.5 लाख रुपये नकद जब्त किए गए। अधिकारियों ने दावा किया कि राउत जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे, जिसके कारण उन्हें धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत देर रात 12:05 बजे हिरासत में लिया गया।



### राउत की 11 करोड़ की संपत्ति हो चुकी है जब्त

पात्रा चॉल महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवेलपमेंट अथॉरिटी का भूखंड है। इसमें करीब 1034 करोड़ का घोटाला होने का आरोप है। इस केस में प्रवीण राउत की 9 करोड़ रुपए और संजय राउत की पत्नी वर्षा की 2 करोड़ रुपए की संपति जब्त हो चुकी है। आरोप है कि रियल एस्टेट कारोबारी प्रवीण राउत ने पात्रा चॉल में रह रहे लोगों से धोखा किया। एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को इस भूखंड पर 3000 फ्लैट बनाने का काम मिला था। इनमें से 672 फ्लैट पहले से यहां रहने वालों को देने थे। शेष एमएचएडीए और उक्त कंपनी को दिए जाने थे, लेकिन साल 2011 में इस विशाल भूखंड के कुछ हिस्सों को दूसरे बिल्डरों को बेच दिया गया था।

## दिल्ली में शराब की दुकानें बंद

### नई एक्साइज पॉलिसी का समय खत्म; विस्तार को सरकार ने दी मंजूरी, लेफ्टिनेंट गवर्नर की मुहर का इंतजार

नई दिल्ली.

दिल्ली में सोमवार को शराब की दुकानें और बार बंद रहे। इसकी वजह नई एक्साइज पॉलिसी के तहत खुलने वाली शराब की प्राइवेट दुकानों का लाइसेंस 31 जुलाई को खत्म हो चुका है। हालांकि, दिल्ली सरकार ने रविवार देर रात इन दुकानों के लाइसेंस एक महीने के लिए बढ़ाने का फैसला किया, लेकिन लेफ्टिनेंट गवर्नर विनय कुमार सक्सेना ने अभी इस फैसले को मंजूरी नहीं दी है। राजधानी में रविवार को शराब की दुकानों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिली, क्योंकि लोगों का सवाल था कि क्या निजी स्टोर सोमवार से खुलेंगे। ऐसे में दिल्ली सरकार ने रविवार देर रात नई एक्साइज पॉलिसी के तहत निजी शराब की दुकानों के लाइसेंस एक महीने के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी और इस प्रस्ताव को सक्सेना की मुहर के लिए भेज दिया।

## नड्डा बोले- सब खत्म हो जाएगा... रहेगी तो सिर्फ बीजेपी

पटना.

देश से सारी पार्टियां खत्म हो जाएंगी, रहेगी तो सिर्फ बीजेपी। यह कहना है पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का। उन्होंने कहा कि हम अपनी विचारधारा पर चलते रहे तो देश से क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो जाएंगी। नड्डा बिहार भाजपा के 16 जिला कार्यालयों का उद्घाटन करने पटना पहुंचे थे। उन्होंने बिहार के 7 जिलों में कार्यालयों का शिलान्यास भी किया। नड्डा ने कहा- भारतीय जनता पार्टी के विरोध में लड़ने वाली कोई राष्ट्रीय पार्टी बची नहीं। हमारी असली लड़ाई परिवारवाद और वंशवाद से है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की तारीफ करते हुए कहा कि कुछ नहीं मिलता... कुछ नहीं मिलेगा... तब भी लोग लगे हैं।

## एक दिन पीएम हाउस में घुस जाएंगे लोग : असदुद्दीन ओवैसी

### नेताओं पर विश्वास नहीं रहा, सब लोग अपने आप कर रहे हैं

जयपुर.

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन के प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा- जनता का नेताओं पर विश्वास कम हो रहा है, अपनी समस्याओं के लिए युवा और आम लोग खुद ही सड़कों पर उतर रहे हैं। नेताओं में अब विश्वास नहीं रहा।

आप देखिए अग्निवीर पर प्रोटेस्ट, किसान प्रोटेस्ट,सीएए पर प्रोटेस्ट सब लोग अपने आप कर रहे हैं। मैं कह रहा हूं एक दिन ऐसा आएगा कि लोग श्रीलंका की तरह प्राइम मिनिस्टर हाउस में घुस जाएंगे कि हमें नौकरी नहीं दी।

मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो, अन्यथा मुझ पर यूएपीए यानी गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम लग जाएगा। हम सब शीशे के घरों में रह रहे हैं। लोग मेरे घर भी आ सकते हैं।



लोग-नौजवान खुद ही सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं, अब वे नेताओं की तरफ नहीं देखते। लोगों को लगता है कि नेता आपस में मिल जाएंगे। ओवैसी रविवार शाम जयपुर में टॉक? जर्नलिज्म सेमिनार के समापन सत्र में बोल रहे थे। ओवैसी ने बीजेपी से मिलीभगत कर फायदा पहुंचाने की थ्योरी पर भी पलटवार किया। कहा- जहां हम नहीं लड़े तो भी बीजेपी जीत रही है।

### मुसलमानों को चुनाव बाद कोई नहीं पूछता

ओवैसी ने कहा- मुसलमान वोट बैंक भी नहीं बन पाया। वोट बैंक पॉलिटिक्स की वजह से आप देखेंगे कि हर कास्ट और कम्युनिटी का सामाजिक-आर्थिक विकास हुआ है, लेकिन मुसलमान का नहीं हुआ, क्योंकि हम वोट बैंक नहीं हैं। मुसलमान केवल दिखाने के नाम पर वोट बैंक है। इसी वजह से ही उसका विकास नहीं हुआ। मुसलमानों की भी बहुत बड़ी गलती है,उन्हें बहुत बड़ी गलतफहमी है कि उन पर सेक्युलरिज्म को बचाने की बड़ी जिम्मेदारी है। चुनावों के वक्त कहते हैं देखो सेक्युलरिज्म बचाना है, पर चुनाव के बाद मुसलमान रोज मरता है, कोई पूछने वाला नहीं है।

### कांग्रेस जीते तो परिवार ने जिताया, हारे तो मुल्लाजी ने हरवा दिया

ओवैसी ने कहा- महाराष्ट्र में चुनाव से पहले एक कांग्रेस नेता ने अपील की कि ओवैसी की पार्टी शिवसेना बीजेपी के साथ आ जाएगी। कुछ महीने बाद उसी शिवसेना से कांग्रेस का गठबंधन हो गया। यह निकाह कैसे हो गया? कल गाली दे रहे थे और बाद में शिवसेना से मिल गए, महाराष्ट्र में कांग्रेस की विचारधारा कहां चली गई। कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक क्यों भाग गए? कांग्रेस का सीधा फंडा है कि जब जीत गए तो परिवार ने जिता दिया और हार गए तो मुल्लाजी ने हरवा दिया।

## सम्पादकीय



# संवेदनहीनता की हद

इससे ज्यादा अफसोसनाक और क्या हो सकता है कि जिस पुलिस की यह जिम्मेदारी होती है कि मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए वह हर संभव प्रयास करे, अपनी ड्यूटी के तहत सौंपी गई जिम्मेदारियों को ठीक से निभाए, वही संवेदनहीनता और कर्तव्यों के प्रति लापरवाही की सारी हदें पार कर दे। बिहार में बेगूसराय जिले के निपनिया गांव में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। सूचना मिलने पर जब पुलिस पहुंची तो उसकी पहली जिम्मेदारी क्या थी? कायदे से व्यक्ति के शव को उचित प्राथमिक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाना चाहिए था। लेकिन वहां पुलिस की मौजूदगी में सफाईकर्मियों के जरिए शव को पैर में रस्सी बांध कर घसीटते हुए पहले ट्रैक्टर तक, फिर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस तक भी उसी तरह पहुंचाया गया। किसी अनजान व्यक्ति का भी शव इस तरह देखने पर आमतौर पर कोई इंसान करुणा से भर जा सकता है। पराए कहे जाने वाले लोग भी किसी शव को लेकर अपनी ओर से पर्याप्त संवेदनशीलता बरतते हैं। लेकिन वहां पुलिस का जैसा रवैया रहा, उससे एक बार फिर कई सवाल उठे हैं। अव्वल तो शव मिलने की सूचना मिलने के बाद वहां पहुंची पुलिस और उसके अधिकारी को क्या अपनी ड्यूटी और उसके तहत तय जिम्मेदारियों का एहसास नहीं था? क्या पुलिस में भर्ती होने के बाद उन्हें मिले प्रशिक्षण के तहत इस तरह के बर्ताव से बचने और उचित प्रक्रिया का पालन करने के बारे में नहीं बताया गया था? इसके अलावा, क्या एक आम इंसान होने के नाते उन्हें एक शव के साथ सम्मान से नहीं पेश आना चाहिए था?

किसी अपराधी की भी मौत के बाद उसके शव के साथ इस तरह का बर्ताव आमतौर पर नहीं किया जाता, लेकिन इस घटना में तो पोस्टमार्टम होने तक शव की शिनाख्त भी नहीं हो सकी थी। फिर सिर्फ शव की स्थिति की वजह से उसे रस्सी बांध कर घसीट कर ले जाने का भी बचाव नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसी स्थितियों में भी शवों के निपटान के लिए आज तमाम उपाय मौजूद हैं। मामले का वीडियो जब सार्वजनिक हो गया और इससे लोगों के बीच आक्रोश फैलने लगा तब वहां मौजूद पुलिसकर्मियों में से उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया गया, लेकिन यह घटना इस बात का उदाहरण है कि ऐसे मौके पर पुलिस भी किस तरह अपना विवेक कई बार खो देती है। यह छिपा नहीं है कि आम लोगों के साथ किस तरह के बर्ताव की वजह से कई बार पुलिस के बारे में नकारात्मक छवि बनती है। हालांकि सुरक्षा में तत्पर रहने के कई तरह नारों से लैस पुलिस की पहली जिम्मेदारी यह थी कि वह अपने व्यवहार से सबका विश्वास जीते और जरूरी कानूनी कार्रवाई के वक्त लोगों का सहज सहयोग हासिल करे। लेकिन इसके समांतर हकीकत क्या है, यह हर जगह दिख जा सकती है। पहले ही ऐसी तमाम खबरें आती रहती हैं कि किसी की मौत के बाद शव को घर ले जाने के लिए अस्पताल की ओर से एंबुलेंस या अन्य वाहन मुहैया नहीं कराया गया। इसकी वजह से किसी को अपने किसी संबंधी का शव कंधे पर लाद कर तो कभी साइकिल पर लेकर जाना पड़ा। इस तरह के मौकों पर भी सवाल उठने का सिरा यही होता है कि किसी की मौत के बाद उसके शव के साथ व्यक्ति, समाज और सरकार को सम्मान के साथ पेश आना चाहिए। यही मानवीयता का भी तकाजा है। लेकिन बेगूसराय की घटना में जैसी अमानवीयता सामने आई, वह हैरान करती है। यह पुलिस महकमे के लिए सबक लेने का वक्त है कि वह अपनी आम छवि को किस रूप में देखना चाहती है।

# सुधार के दावे और आत्महत्या करते किसान

**किसानों की आत्महत्या की घटनाओं को लेकर तमाम आंकड़े जारी किए जाते रहे हैं। सरकारी और गैर-सरकारी आंकड़ों में कई स्तरों में अंतर दिखाई देता है। अब किसानों की आत्महत्याएं चर्चा-मुबाहिसों का विषय नहीं बनतीं। केंद्र और राज्य सरकारों का कहना है कि किसानों की हालत पहले से सुधरी है। अब वे उपेक्षित नहीं हैं, बल्कि उनकी आय को बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के जरिए कई योजनाएं और सहूलियतें उन्हें मुहैया कराई गई हैं। सवाल यह है कि अगर किसानों की आर्थिक और पारिवारिक समस्याओं में सुधार आया है तो किसान आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? किसान क्यों गरीबी में जिंदगी बसर करने के लिए मजबूर है? गौरतलब है कि सबसे ज्यादा किसानों द्वारा आत्महत्याएं महाराष्ट्र के विदर्भ, पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेशों में की जाती है। मसलन, 1990 के दशक में राज्य अपराध रिकार्ड ब्यूरो द्वारा दिए गए आंकड़ों के मुताबिक, एक पेशेवर श्रेणी के रूप में यहां के किसान उच्च आत्महत्या दर की समस्या से पीड़ित हैं। विदर्भ क्षेत्र के किसानों द्वारा आत्महत्या की समस्या सबसे गंभीर है। विदर्भ के 3.4 मिलियन किसान कपास की खेती करते हैं।**

**केंद्र** सरकार विकसित देशों की तरह भारतीय कृषि के विकास की बात करती है, लेकिन जब किसानों को सबसिडी देने की बात आती है तो कदम पीछे खींच लेती है। यह जानते हुए कि विकसित देशों में किसानों को 2.10 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर तक सबसिडी दी जाती है। यही कारण है कि किसी भी विकसित देश का किसान दरिद्रता के कारण आत्महत्या के लिए मजबूर नहीं होता है। इस साल वर्षा ऋतु में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, ओड़ीशा, तेलंगाना जैसे राज्यों में औसत से बहुत ज्यादा बरसात हुई है। बिजली गिरने, घर गिरने, पेड़ों के चपेट में आने और तालाबों, नदियों और नहरों में डूबने से सैकड़ों लोगों की मौत हो गई, जिसमें ज्यादातर किसान-मजदूर और गरीब तबके के लोग हैं। अरबों की संपत्ति और खेती-बारी का नुकसान हुआ है। लाखों लोगों को अपना घर-बार छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। वहीं उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा में औसत से बहुत कम बरसात हुई है।

अतिवृष्टि और अनावृष्टि (बहुत अधिक बरसात और औसत से बहुत कम बरसात) तो कुदरती आपदा है। इस वजह से किसानों-मजदूरों की जो मौतें हुई हैं, वे कुदरत की कहर मानी जा सकती हैं। लेकिन देश में हर साल हजारों किसान-मजदूर फसल-बागवानी और दूसरी जरूरतों के लिए कर्ज न चुका पाने, फसलों-फलों का नुकसान, लागत ज्यादा और फसल से आमदनी कम होने, परिवारी जनों का बीमारियों के चपेट में आने पर साहूकारों से लिए कर्ज का चुकता न कर पाने और साहूकारों के जरिए किसानों का उत्पीड़न, गरीबी, किसानों के बच्चों की रोजगार की समस्या, किसानों के बच्चों द्वारा लिया गया शिक्षा ऋण न चुका पाने, घरेलू समस्याओं से आजिज आकर आत्महत्या करने की समस्या सालों से बनी हुई हैं। कपास की खेती करने वाले विदर्भ के ये किसान बीज, खाद, बिजली, पानी और अन्य जरूरतों के लिए बैंक या साहूकारों से कर्ज लेते हैं। इस क्षेत्र के किसानों की औसत आय सालाना 2700 रुपए प्रति एकड़ है।

पिछले तीन दशक में जिन लाखों किसानों ने आत्महत्याएं कीं, उनमें पंजाब और विदर्भ के किसान सबसे ज्यादा हैं। इनमें विदर्भ के किसान आज भी सबसे ज्यादा आत्महत्याएं कर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि इस साल पिछले छह महीने में ही विदर्भ के 547 किसानों ने आत्महत्या की। देश के किसानों की आत्महत्या दर राष्ट्रीय आत्महत्या दर से भी अधिक है। आत्महत्या के वैश्विक आंकड़े बताते हैं कि आत्महत्या सूची में शीर्ष सौ देशों में होने वाली आत्महत्याओं की सूची में भारत में की गई आत्महत्याओं की कुल संख्या के दोगुने से भी ज्यादा है। इन आत्महत्याओं की वजह सरकारें जानती हैं, फिर भी उनके समाधान पर कोई कारगर पहल नहीं हो पाई है। दरअसल, खेती-किसानी व किसानों के सामने आज भी सिंचाई का पानी और खाद की उपलब्धता बहुत बड़ी समस्या है। तमाम कवायदों के बाद भी 60 फीसद खेती आज भी कुदरत के भरोसे है। आंकड़ों के मुताबिक, बारिश आधारित खेती में 1.2 टन प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादन होता है, जबकि सिंचित क्षेत्र में यह औसत चार टन प्रति हेक्टेयर है। जो किसान प्रति हेक्टेयर चार टन का उत्पादन कर लेता है, उसमें खाद, पानी, बिजली,



कीटनाशक और निराई-गुड़ाई के एवज में ज्यादा लागत आती है। लेकिन सरकार द्वारा निर्धारित या बाजार द्वारा तय कीमत से उसकी लागत भी वसूल नहीं हो पाती है। किसानों की एक बड़ी समस्या यह है कि सरकार दो दर्जन फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी तो घोषित कर देती है, लेकिन उसे खरीदने की कोई मुकम्मल व्यवस्था नहीं करती। आजादी के बाद से ही किसानों के सामने कर्ज, खाद, बिजली, पानी और उत्पादों के लागत मूल्य न मिलने जैसी तमाम समस्याएं रही हैं। लेकिन पिछले तीन दशकों से जलवायु परिवर्तन के असर से खेती चौपट होने की एक बहुत बड़ी समस्या और जुड़ गई। कई प्रदेशों में नीलगाय या छुट्टे पशुओं द्वारा लहलहाती फसल को बर्बाद करने की समस्या भी किसानों के लिए परेशानी का सबब बनती रही है। सरकारी आंकड़ों को ही मानें तो भारत में औसतन हर साल 16 हजार से अधिक किसान आत्महत्या करते हैं। जिसमें 72 फीसद किसान छोटे जोत वाले और बैंक के कर्ज से दबे हुए रहते हैं। गैरसरकारी आंकड़े इससे कई गुना ज्यादा दिखाते हैं। जब फसल तैयार होकर घर आती है, तब उसका दाम धड़ाम से नीचे गिर जाता है। ऐसे में किसान के सामने जिंदगी निर्वाह का कोई आसरा नहीं दिखता। उसे लगता है कि परिवार को भूख से तड़पते देखने की अपेक्षा वह ही अपनी जिंदगी समाप्त कर ले।

केंद्र और राज्य सरकारें उपभोक्ताओं, बिचौलियों और व्यापारियों के हितों की चिंता बराबर करती दिखती हैं, लेकिन अन्नदाता के हितों पर उसकी कोई संवेदना नहीं जगती है। यों केंद्र सरकार विकसित देशों की तरह भारतीय कृषि के विकास की बात करती है, लेकिन जब किसानों को सबसिडी देने की बात आती है तो कदम पीछे खींच लेती है। यह जानते हुए कि विकसित देशों में किसानों को 2.10 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर तक सबसिडी दी जाती है। यही कारण है कि किसी भी विकसित देश का किसान दरिद्रता के कारण आत्महत्या के लिए मजबूर नहीं होता है। सवाल यह है कि क्या भारत के किसानों की हालत में वैसा सुधार हो पाएगा जैसा विकसित देशों के किसानों को हो चुका है? गांवों से कस्बों, नगरों और शहरों की ओर पलायन बढ़ने के तमाम कारणों में खेती का हमेशा घाटे में होना और परिवार का गुजर-बसर न कर सकना शामिल है। इस पलायन को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकारें चिंता तो जाहिर करती हैं, लेकिन जब किसान और किसानी के हितों की बात आती है, तब उस पर गौर करने के बजाय वायदे करने का काम करतीं देखी जाती हैं।

## व्यापार समाचार

# आईसीआईसीआई बैंक ने कर्ज पर ब्याज दर 0.15 प्रतिशत बढ़ाई

नई दिल्ली।

आईसीआईसीआई बैंक ने सोमवार को कर्ज पर लगने वाली ब्याज दर 0.15 प्रतिशत बढ़ा दी। भारतीय रिजर्व बैंक के इस सप्ताह नीतिगत दर में बढ़ोतरी की संभावना के साथ बैंक ने यह वृद्धि सभी अवधि के कर्ज पर की है। निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) बढ़ाई है। बैंक के इस कदम से कर्ज की मासिक किस्त (ईएमआई) बढ़ेगी। बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, एक अगस्त से संशोधित दरों के तहत एक साल की अवधि वाली एमसीएलआर 0.15 प्रतिशत बढ़ाकर 7.90 प्रतिशत कर दी गयी है। वहीं एक दिन की अवधि की ब्याज दर 7.65 प्रतिशत होगी। खुदरा ऋण के लिहाज से एक साल के एमसीएलआर को महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि आवास ऋण जैसे बैंक के दीर्घकालीन कर्ज इसी से संबद्ध होते हैं। बैंक ने रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति




समिति (एमपीसी) की इस सप्ताह होने वाली बैठक से पहले ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। ऐसी संभावना है कि एमपीसी मुद्रास्फीति पर अंकुश के लिए नीतिगत दर रेपो में बढ़ोतरी करेगी। इससे पहले, आवास ऋण देने वाली एचडीएफसी लि. ने ब्याज दर 0.25 प्रतिशत बढ़ायी थी। इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लि. ने भी आवास ऋण और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) कर्ज पर ब्याज दर 0.25 प्रतिशत बढ़ायी थी।

# बिजली की खपत जुलाई में 3.8% बढ़कर 128.38 यूनिट रही

नई दिल्ली।

देशभर में मानसून की बारिश के बीच बिजली की खपत जुलाई माह के दौरान सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत बढ़कर 128.38 अरब यूनिट (बीयू) पर पहुंच गई। बिजली मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले वर्ष जुलाई में बिजली की खपत 123.72 अरब यूनिट, जबकि वर्ष 2020 के इसी महीने में 112.14 अरब यूनिट रही थी। एक दिन में बिजली की अधिकतम पूरी की गई मांग जुलाई के दौरान घटकर 190.38 गीगावॉट रह गई। जुलाई 2021 में बिजली की अधिकतम मांग 200.53 गीगावॉट और जुलाई, 2020 में 170.40



गीगावॉट थी। गौरतलब है कि जुलाई, 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण आर्थिक गतिविधियों के प्रभावित होने की वजह से बिजली की मांग प्रभावित हुई थी। वहीं, महामारी पूर्व अवधि जुलाई, 2019 मे बिजली की खपत 116.48 अरब यूनिट थी। विशेषज्ञों के अनुसार, जुलाई में मानसून की शुरुआत के साथ देशभर में व्यापक बारिश के कारण बिजली की खपत और मांग कम रही।







## आज का राशिफल

### मेष

आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

### वृषभ

आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

### मिथुन

नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा। अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे।

### कर्क

नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है। मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है।

### सिंह

आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाजी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

### कन्या

आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। शारीरिक थकान और मानसिक तनाव अधिक रहेगा। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

### तुला

आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। इनकम में भी वृद्धि हो सकती है। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी।

### वृश्चिक

आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी। मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी।

### धनु

आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी। गलत कामों से दूरी बनाए रखें।

### मकर

आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

### कुंभ

रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है।

### मीन

शारीरिक-मानसिक भय रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद होगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आ सकती है। नींद नहीं आने से परेशान रहेंगे। धन और कीर्ति की हानि होगी।

# हर घर पर शान से लहराये तिरंगा : राजकुमार माथुर

## लॉयंस क्लब कुचामन ने किया अमृत महोत्सव का शुभारम्भ

### 15 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत कुचामन वैली परिसर में की गयी

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयंस क्लब कुचामनसिटी द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित 15 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत कुचामन वैली परिसर में की गयी। क्लब अध्यक्ष लॉयन मुकेश डालुका ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत कुचामन वैली के मुख्य द्वार से कार्यक्रम स्थल तक एचपी काबरा गर्ल्स कॉलेज की बच्चियों के साथ लॉयन सदस्यों, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारीगण, कुचामन वैली परिवार से आए हुवे मुख्य अतिथि व परिवारजन व अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा हाथ में तिरंगा झंडा थाम कर और भारत माता की जयकार व वन्दे मातरम् के नारों के साथ गाजेबाजे के साथ तिरंगा रैली निकालकर की। कार्यक्रम स्थल पर सभी सम्मानितजनों की उपस्थिति में झंडारोहण किया गया। तदुपरांत राष्ट्रगान के बाद सभी बच्चियों को उपहार भेंट किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लॉयन मुकेश डालुका ने आए हुए सभी मेहमानों व मीडियाकर्मियों का कार्यक्रम में पधारने के लिए आभार व्यक्त करते हुवे बताया की देश आज़ादी के 75वाँ वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है, इसी क्रम में लॉयंस क्लब कुचामन भी देश भक्ति से औतप्रोत विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा आज़ादी का



अमृत महोत्सव मनाने जा रहा है। इस अवसर पर लॉयंस क्लब इंटनेशनल के प्रांत 3233-2 के उपप्रांतपाल द्वितीय लॉयन श्याम सुंदर मंत्री ने बताया कि प्रांतपाल लॉयन दिलीप तोशनिवाल के मुख्य प्रोजेक्ट संस्कार पर भी लॉयंस क्लब कुचामन संस्कार रैली का आयोजन करेगा, साथ ही आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों की भी जानकारी दी।

**तुलसी वितरण कार्यक्रम भी हुआ आयोजित :** श्याम सुंदर सेनी ने बताया की इस महोत्सव के दौरान तुलसी वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया है, जिसमें शहर की माताएँ-बहने गायत्री मंदिर से तुलसी की पौध प्राप्त कर सकती हैं। लॉयन सुभाष राँवका ने मंच संचालन करते हुवे कुचामन वैली परिवार का लॉयंस क्लब को हमेशा सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया, साथ ही मीडिया कर्मियों को कुचामन शहर को शिक्षा नगरी व आसपास के क्षेत्रों में सबसे अधिक विकासशील क़स्बे के रूप में पहचान दिलाने के लिए आभार व्यक्त किया। कुचामन पुस्तकालय अध्यक्ष नटवरलाल बक्ता ने बताया कि संस्था की पहचान संस्था के कामों से होती है। कार्यक्रम संयोजक हेमराज पारीक ने सभी मीडिया कर्मियों को धन्यवाद दिया साथ ही राजकुमार माथुर को सभा में मौजूद लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा वितरण करने के लिए धन्यवाद दिया।

**जब भी लॉयंस क्लब को ज़रूरत हो वैली परिवार हमेशा क्लब के साथ : माथुर**

माथुर ने कहा कि तिरंगा शान से लहराये लेकिन देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना होगा। लॉयन राजकुमार माथुर ने अतिथियों को धन्यवाद देते हुवे कहा की जब भी लॉयंस क्लब को ज़रूरत हो वैली परिवार हमेशा क्लब के लिए साथ है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का पोस्टर, पैम्फ़्लेट, व बैनर का विमोचन किया गया।

### हाथ में तिरंगा झंडा थाम कर व भारत माता की जयकार व वन्दे मातरम् के नारों के साथ निकाली तिरंगा रैली



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर लॉयन श्याम सुंदर मंत्री, लॉयन शयन सुंदर सेनी, लॉयन सुभाष राँवका, लॉयन पहाड़िया, लॉयन मुकेश डालुका, लॉयन मनोज अग्रवाल, लॉयन मनमोहन अग्रवाल, लॉयन नरेंद्र शर्मा, लॉयन हेमराज पारीक, लॉयन नवदीप खोखरिया, लॉयन नटवर लाल रामचंद्रका, लॉयन विपुल रामचंद्रका, लॉयन सुमित सोमानी, कुचामन विकास समिति सचिव बनवारी लाल मोर, कुचामन पुस्तकालय अध्यक्ष नटवरलाल बक्ता, कुचामन गौशाला अध्यक्ष नंदकिशोर बिड़ला, अपना घर आश्रम प्रबंधक एमपी मालपानी, सेवासमिति से शिव कुमार अग्रवाल व सुशील काबरा, लॉयंस क्लब कुचामन स्टार से लॉयन मनीष काबरा व लॉयन अशोक मंत्री, सेवा भारती संस्था से विनोद सारडा व पवन मिठड़ीवाला आदि उपस्तिथ रहे।



## जोगेश्वर धाम से नंगवाड़ा तक निकाली विशाल कावड़ यात्रा

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी (नागौर डेली न्यूज) :** कुचामनसिटी क्षेत्र के जोगेशवर धाम से नंगवाड़ा तक विशाल कावड़ यात्रा निकाली जो जोगेश्वर दाम से रवाना होकर नगवाड़ा पहुंची। सरपंच मनोज लोरा की अगुवाई में सैकड़ों शिव भक्तों ने कावड़ यात्रा में भाग लिया। प्रात: 7:15 बजे जोगेश्वर धाम से भगवान शिव की पूजा अर्चना के बाद रवाना हुई यात्रा चंद्रा मोड हनुमानपुरा मोतीपुरा गुगड़वार प्याऊ होते हुए 11:00 बजे लंगवाड़ा पहुंची जगह-जगह कावड़ यात्रा पर पुष्प वर्षा कर शिव भक्तों का ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। नगवाड़ा पहुंचने पर पुजारी कुंभाराम, रघुनाथ शर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष धन्नाराम फौजी व ग्रामीणों में कावड़ियों का स्वागत किया। कावड़ यात्रा के पश्चात सरपंच मनोज लोरा ने सभी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर इंडाली सरपंच प्रतिनिधि किशन सामरिया, रामनिवास बुगालिया, उपसरपंच महावीर, हरेंद्र मावलिया, रामचंद्र गोपाल, जीवन, सुखाराम, ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश धायल, सांवर मीणा, मुकेश रुलानिया, बीरबल, टीकू फौजी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहें।

### एडवोकेट सुशील झुंझाडियां नगरपालिका में विधि सलाहकार नियुक्त

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान सरकार ने विधायक विजयपाल मिर्धा की अनुशंसा पर एडवोकेट सुशील झुझाड़ियां को डेगाना नगर पालिका में विधि सलाहकार नियुक्त किया है। एडवोकेट झुझाडियां गुरुवार को कार्यभार ग्रहण करेंगे। वह नगर पालिका की ओर से विभिन्न अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की पैरवी करेंगे। एडवोकेट झुझाडिया ने इस नियुक्ति पर विधायक ने कहां मेरी प्राथमिकता नगर पालिका में लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता को देखेंगे। इस मौके पर डेगाना बार एसोसिएशन के साथियों द्वारा झुझाडिया का सम्मान किया गया इस मौके पर प्रकाश आंवला, जीतू बेड़ा, अशोक गवलीया, नेमाराम बैंदा, पुनाराम भाम्भु ,प्रो खिलाड़ी कमलेश ,राजेंद्र जाखड़ ,एडवोकेट सुरेंद्र ढाका, कमलेश बाजिया, एडवोकेट हरि सिंह, एडवोकेट सुनील सहित लोगों ने झुझाड़िया को

## बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष व उपाध्यक्ष का मूंडवा आगमन पर किया स्वागत

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के मूंडवा नागौर रोड पर स्थित राधा नारायण होटल पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया व बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष माधवराम चौधरी का रविवार देर शाम मारवाड़ मूंडवा आगमन पर मुंडवा शहर मंडल बीजेपी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान संगठन प्रभारी पुखराज पहाड़िया, कार्यकारिणी सदस्य रमाकांत शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री लक्ष्मी नारायण मूण्डेल, मंडल अध्यक्ष मुकेश वैष्णव, मूंडवा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष गरीबराम ईनानिया ने



माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित गोपाल सारड़ा, भंवर लाल मूण्डेल, मनीष मूण्डेल, राजेंद्र वैष्णव प्रेमसुख मूण्डेल, दिनेश बावरी, सत्यनारायण बावरी, लखन गिवारिया, लखन भट्टड़, पार्षद मनीराम बावरी, प्रकाश कंदोई, कालू राम ईनानियां, सुरेश मूण्डेल, रामेश्वर, राजेंद्र, रामकिशोर मूण्डेल, प्रेमसुख मूण्डेल, हरजी बावरी, यशवंत भाणु, दीपक, अटल, कैलाश मूण्डेल, दीपक दहिया, सुरेश मेघवाल, जगदीश मूण्डेल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निर्माण के कुछ ही महिनों बाद जावा, जावला के बीच उखड़ा स्टेट हाईवे-59

### पूर्व मंत्री किलक सहित भाजपा नेताओं ने ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग की



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** हॉल में निर्माणाधीन हरसोर डेगाना स्टेट हाईवे का घटिया निर्माण सामग्री से किये जा रहे निर्माण के कारण जावा से जावला के बीच की सड़क पूरी तरह से उखड़ चुकी है। इससे आवागमन पूरी तरह से बाधित है।

इसे लेकर सोमवार को भाजपा नेताओं ने सड़क कार्य में हो रही धांधली ओर भ्रष्टाचार पर सार्वजनिक निर्माणविभाग के अधिकारियों से मिली भगती का आरोप लगाते हुये एसडीम डेगाना को ज्ञापन देकर इस पूरे मामले की किसी उच्चाधिकारियों से जांच कराने तथा सड़क के निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ कराने की मांग की।

इस दौरान पूर्व मंत्री अजय सिंह किलक, भाजपा नेता बिरदीचंद तोषनीवाल, ब्लॉक अल्पसंख्यक अध्यक्ष यूनुस खान, सेवाराम धनवानी, प्रकाश करवा, प्रतिपक्ष नेता रामचंद्र डूडी, पार्षद सीताराम कटारिया, जितेंद्र दाधिच, जगदीश तिवारी, सुरेश मेवड़ा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पांचवा में सुनार से लूट प्रकरण

### कुचामन में सुनारों ने आधे दिन बंद रखे प्रतिष्ठान



### लूटेरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** हॉल ही में समीपस्थ ग्राम पांचवा में बंदूक की नोक पर सुनार की दुकान से हुई करीब 70 लाख रूपयों की लूट की वारदात की परतें नहीं खुलने के विरोध में सोमवार को कुचामन शहर के सोना-चांदी का व्यवसाय करने वाले प्रतिष्ठान 12 बजे तक बंद रखकर विरोध दर्ज कराया गया। शहर के धान मंडी, कटला व घाटीकुआं सहित विभिन्न स्थानों पर सोने-चांदी के व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठान आधे दिन के लिए बंद रखे तथा सुबह-सुबह सभी धान मंडी में एकत्रित हो गए, जहां से सभी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर उपखण्ड मुख्यालय पहुंचे जहां तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र इस प्रकरण का पर्दाफाश करने की मांग की।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान दिनेश सोनी, उमेश सर्राफ, रजब अली कारीगर, सुनील सोनी, परमानन्द सोनी, नवल सोनी, मातादीन सोनी, मुकेश सोनी, मुबारिक कारीगर, विष्णु सोनी, प्रकाश मराठा, कुंजबिजारी जोशी सहित बड़ी संख्या में सुनार व इस व्यवसाय से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## तहसीलदार भाटी का बावरी समाज ने किया स्वागत

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना तहसील कार्यालय में तहसीलदार के पद पर कुलदीप भाटी के पदभार ग्रहण करने पर अखिल भारतीय युवा राज बोहरा बावरी समाज के लोगों ने तहसीलदार भाटी का साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान राजेश कुमार बोहरा, राजेंद्र कुमार चौहान, राजेश कुमार, अनिल कुमार भाटी, रेलवे में कार्यरत गार्ड सुरेश कुमार



चौहान, सत्य प्रकाश चौहान, बंसी लाल भाटी, रामनिवास भाटी, किशोर कुमार भाटी, बीरबल भाटी, परमाराम गोरा, पुखराज, रामचरण सहित अन्य गणमान्य जनों ने तहसीलदार भाटी को मकराना आगमन पर स्वागत किया।

## मूंडवा में लगातार दूसरे दिन तालाब में कूदकर व्यक्ति ने दी जान

अ.रहमान देवड़ा

मूण्डवा(नागौर डेली न्यूज)। मूंडवा में लगातार दूसरे दिन ऐतिहासिक लाखोलाव तालाब में कूदकर एक व्यक्ति ने जीवन लीला समाप्त की। गौरतलब है कि शनिवार को वृद्ध नारायण दास रांकावत ने तालाब में कूदकर अपनी जान दे दी । उसी प्रकार सोमवार को रात्रि करीब सवा 12 बजे मूंडवा नागौरी फलसा निवासी अलीशेर पुत्र भंवरू तेली उम्र 45 वर्ष ने अपने घर से निकला तालाब के पट्टे पर अपनी चप्पल व शर्ट खोलकर तालाब में कूद गया। सुबह जब तालाब पर घूमने आए लोगों ने चप्पल व शर्ट खुला हुआ देखा तो अनहोनी होने की आशंका हुई। वहां आए हुए लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी कांस्टेबल ओमप्रकाश धुंधवाल तुरंत लाखोलाव तालाब पहुंचे। थाना अधिकारी को सूचना दी गोताखोरों को बुलाया गया। 1 दिन पहले डूबने वाले बुजुर्गों को निकालने वाले रामरतन मुंडेल किसी काम से बाहर गए हुए थे लेकिन वह थोड़ी देर बाद मौके पर पहुंचे और तालाब में डूबे हुए व्यक्ति को ढूंढना शुरू किया। इसके अलावा अंबुजा से भी 2 गोताखोर आए और नागौर से भी चार गोताखोर आए इनके अलावा शहर के युवा चेनाराम





मुंडेल ने भी भरपूर प्रयास किया। करीब 3 घंटे की मशक्कत करने के बाद भिलाई फेंकने वाले बालाराम भोजावत व आईदानराम मुंडेल के बार बार प्रयासों ने करीब 11 बजे अलीशेर का शव भिलाई में अटक गया और गोताखोरों की सहायता से उसे बाहर निकाला गया जब तक उसको बाहर निकाला जाता तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। अलीशेर के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनो के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक अलीशेर के 1 पुत्र रफीक उम्र 25 वर्ष व एक पुत्री बबली उम्र 22 वर्ष है दोनों की शादी हो चुकी है।

# डीडवाना का विकास मेरी प्राथमिकताओं में रहा है और हमेशा रहेगा : युनूस खान





## पूर्व काबिना मंत्री यूनुस खान के 59वें जन्मोत्सव पर शहरभर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए





अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान सरकार में सार्वजनिक निर्माण विभाग के मंत्री रहे एवं डीडवाना से पूर्व विधायक यूनूस खान के 59वें जन्मोत्सव पर सोमवार को शहरभर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। पूर्व काबीना मंत्री युनूस खान प्रात: 10 बजे जन सेवा कार्यालय पहुंचे जहां विधान सभा क्षेत्र से आए सैंकड़ो लोगों ने फूल-मालाओं और साफा, शाल पहना कर अभिनंन्दन करते हुए जन्म दिन की बधाइयां दी। यहाँ शफ़ा एज्युकेशन सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में खान ने सवा सौ से ज्यादा परिवारों को एक माह का राशन अपने हाथों से वितरित किया ।

### गाय हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग

प्रात: साढ़े ग्यारह बजे गोपाल गौशाला के नवीन परिसर में खान ने अपने हाथों से गौ माता को गुड़, लापसी, रजका खिला कर गौ माता से आशीर्वाद लिया। खान ने कहा कि गाय कहने को एक मूक प्राणी है लेकिन यह हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है, खान ने कहा कि समस्त देवताओं का वास गौ माता में रहता है इसकी सेवा का पुण्य मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यहाँ पर शहरी क्षेत्र के अनेक संगठनों, संस्थाओं ने खान का स्वागत किया । इस अवसर पर एडवोकेट राजेन्द्र माथुर, शिक्षाविद सियाराम शर्मा, सुरेश वर्मा, प्रेम सिंह, राजेन्द्र सिंघी, महावीर ओझा, किशन व्यास, इरफान मुंशी मोटर्स, शंकर लाल प्रसावत आदि मौजूद रहे।

### मरीज की सेवा से बड़ा सुख ओर नहीं

दोपहर साढ़े बारह बजे खान अपने लवाजमे के साथ राजकीय बांगड़ चिकित्सालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने मरीजों को फल वितरित करते हुए जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। खान ने कहा बीमार कोई भी हो सकता है। बड़ी बात यह है कि बीमार के साथ व्यवहार कैसा कर रहे है, उन्होंने कहा कि बीमार की सेवा से बड़ा सुख ओर नही है अगर बीमार की सेवा का अवसर मिले तो उसे लपक कर अंजाम देने में जुटना ही मानव धर्म है।

### प्रकृति का श्रृंगार समय की जरूरत

दोपहर 2 बजे खान कूचामन रोड़ स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान पहुंचे, जहाँ परिसर में उन्होंने दर्जनों पौधे लगाए एंव उपस्थित जन समूह से आह्वान किया कि अब प्रकृति के श्रृंगार का समय आ गया है। हमें इस हराभरा और खूब सूरत बनाये रखने के लिए काम करना होगा। यहाँ पर पार्षद सुरेश शिव सागर के नेतृत्व में युवाओं ने केक काट कर खान का मुंह मीठा करवाया।

### मौका मिला तो एक दिन डीडवाना का जन्म दिन मनाएंगे

दोपहर ढाई बजे खान वापस जन सेवा केंद्र पहुंचे जहां भारी तादात में लोगों की भीड़ मौजूद रही, खान ने अपने संबोधन में कहा कि यह आपका स्नेह ही है जो मुझे यहां तक खींच लाया, अगर मौका मिला तो एक दिन डीडवाना का ऐसा जन्म दिन मनाएंगे कि इतिहास बन जायेगा। खान ने कहा कि डीडवाना का विकास मेरी प्राथमिकताओं में रहा है और हमेशा रहेगा।

### पार्टी के आदेश हमेशा सर्वोपरि रहेंगे

इस अवसर पर खान मीडिया से भी मुखातिब हुए उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी के आदेश हमेशा सर्वोपरि रहें है, रहेंगे। एक पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए खान ने कहा कि विपक्ष को इतनी चिंता नही करनी चाहिए कि युनूस खान खान से चुनाव लड़ेंगे। मुझे पार्टी का आदेश जो मिलेगा में उसकी पालना करूंगा। इस अवसर पूरे विधान सभा क्षेत्र से हजारों की तादात में लोग जन्म दिन की बधाइयां देने पहुंचे। समारोह में किशनगढ़, अजमेर से भाजपा प्रत्याशी रहे डॉ. विकास चौधरी, अंकित धायल, असरफ अबरार, अली खान, शेर मोहम्मद शेरानी, केडी कुरेशी, नासिर मॉर्डन, मुस्ताक खां धनकोली, पंकज टाक, रमेश कुमावत किशनगढ़, भागीरथ यादव, रामू राम चौधरी, विजय चौधरी, रफीक खान नेता, इमरान देवड़ा, पार्षद फारूख टाक सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आयुर्वेद अस्पताल हो चुका है जर्जर, पुनर्निर्माण की जरूरत



सहदेव चौधरी

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर की समाजसेवी संस्था नावां स्टूडेंट्स क्लब के कार्यकर्ताओं ने उपखण्ड अधिकारी ब्रह्म लाल जाट को मुख्य मंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि नावां का आयुर्वेदिक अस्पताल काफी समय से अपने निजी भवन में संचालित है, जिसका भवन पूरी तरह से नकारा हो चुका है। कमरों की छत बरसात में टपकती है तो छत से चूना भी यदाकदा गिरता रहता है। इससे हमेशा अनहोनी का भय बना रहता है। इस बात से स्थानीय विधायक एवं उपमुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी को भी अवगत करवा दिया गया है। इस भवन को कण्डम घोषित कर नये भवन की स्वीकृति से शहर की बीच बने इस अस्पताल का फायदा आमजन को मिल सकेगा। इस अवसर पर स्टूडेंट्स क्लब के सचिव दशरथ सिंह राठौड़, संरक्षक सत्यनारायण लढा, सुभाष सेवा समिति के अध्यक्ष चन्दू लाल सेन, मोतीराम मारवाल, समाजसेवी मनोज गंगवाल आदि मौजूद रहे।

## चोरों के हौसले बुलंद, 2 दुकानों से उड़ाया 25 लाख का माल



लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज ) :** थांवला कस्बे के किसान चौराहे के पास स्थित दो दुकानों में चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार महावीर इलेक्ट्रिक व मुकेश इलेक्ट्रिक दोनों दुकानों में 25 लाख के सामान पर हाथ साफ किया। बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए करीबन 25 लाख के सामान पर हाथ साफ किया। वहीं दूसरी और लगातार क्षेत्र में हो रही चोरियों से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल है। दरअसल क्षेत्र में महावीर इलेक्ट्रिक वर्क्स के नाम से दुकान चला रहे महावीर सिंह ने बताया कि चोर दुकान के पीछे की तरफ से लगे दरवाजे को तोड़कर दुकान में घुसे। दुकान में घुसने के बाद अज्ञात चोरों ने दुकान में रखे पानी की मोटर वे तांबे के तार सहित अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार जब सुबह अपनी दुकान खोलने पहुंचा चोरी होने का पता चला। जिसके बाद उसने इसकी सूचना थांवला थाना अधिकारी हीरा लाल वर्मा को दी। वहीं दूसरी ओर महावीर इलेक्ट्रिक के पास में ही मुकेश इलेक्ट्रिक की दुकान में पीछे की दीवार में छेद करके सेंध मारी इस दुकान में भी करीबन 5-6 लाख रुपए के करीबन सम्मान चोरी हुए हैं बताया जा रहा है।

## ऑवरटेक करने के चक्कर मे ट्रेक्टर में घुसी बाईक

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** निम्बिजोधा मार्ग पर सोमवार को ओवरटेक करने के चक्कर में एक बाईक पत्थरों से लदे ट्रैक्टर में जा घुसी, जिससे दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार तिलोकाराम पुत्र को आसुराम जाति मेघवाल, उम्र 30 वर्ष व रामकरण पुत्र सुगनाराम उम्र 55 वर्ष निवासी गेनाणा से मुंदड़ा की और जाते समय निम्बिजोधा टोल प्लाजा के पास ओवरटेक करते समय स्विफ्ट कार से टकरा गये इस दौरान उनकी बाईक का संतुलन खो जाने से पत्थर से भरे ट्रेक्टर में गिर गए जिससे दोनों घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एनएचएआई टीम व पुलिस टीम के सहयोग से घायलों को लाडनूँ की राजकीय चिकित्सालय में लाया गया जहां उनका ईलाज किया गया।

## 2 साल कॉलेज बंद रहने के बावजूद वसूली जा रही है फीस



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय महाविद्यालय डेगाना में पिछले 2 साल कोरोना के कारण स्नातक तक के छात्र-छात्राओं की महाविद्यालय में पढ़ाई नहीं हुई इसके बावजूद यूनिवर्सिटी द्वारा किसान व मजदूर वर्ग के छात्र-छात्राओं से भारी फिस वसूली जा रही है। इसे लेकर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को विरोध कर ज्ञापन दिया। कॉलेज प्राचार्य से टीम भगत सिंह के सुशील भाम्बू ने मांग करते हुए कहा कि कॉलेज के बाहर बस स्टॉप व रोड पर ब्रेकर नहीं होने से छात्र-छात्राओं को आवागमन मे भारी परेशानी का सामना करना पड रहा हे ओर विद्यार्थियों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान तरुण तोषनीवाल,आति वर्मा,मेवाराम मेघवाल, ताराचंद जाँगिड, पंकज जाँगिड, अनिल जाँगिड, देवांशु, कुशाल, जितेन्द्र काला सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

## आगामी चुनावों में बदलेगी प्रदेश की सरकार : पुनिया

### पीह के भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदेश अध्यक्ष होने का स्वागत

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** जिले के एक दिवसीय दौरे पर आए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पुनियाँ का ग्राम पीह के भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं सरपंच अमरचंद जाजड़ा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं की ओर से पूनिया का दुप्पटा पहनाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान पुनिया ने कहा कि आगामी चुनाव में प्रदेश की सरकार बदलेगी और भाजपा पर वापस राजस्थान की सत्ता में काबिज होगी। भाजपा का चेहरा कमल का फूल, मोदी का नाम एवं काम होगा।

बाकी निर्णय शीर्ष नेतृत्व तय करेगा। हाल ही में कांग्रेस नेताओं की आर्थिक अनियमितता को लेकर हो रही गिरफ्तारियां को लेकर पूनिया ने कहा कि बीते 55 सालों में कांग्रेस ने लूट और झूठ का खेल किया है जिसकी परतें अब धीरे-धीरे खुलना शुरू हुई है। इसलिए सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक ईडी पहुंची है। अपने समय में इन्होंने जमकर भ्रष्टाचार का तांडव किया, जो अब जनता के सामने आने लगा हैं। कार्यकर्ता 2023 विधानसभा चुनाव व 2024 लोकसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक व प्रचंड जीत हो इसके लिए अभी से दिन-रात परिश्रम कर तैयारी करें।



### ये रहे मौजूद

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, जिला महामंत्री रामाकिशन खीचड़, जिला परिषद सदस्य नानूराम मेघवाल, प्रधान प्रतिनिधि रियां मदन गोरा, मण्डल अध्यक्ष थांवला अटल कुमावत, युवा नेता सुरेश मेवड़ा, जिलाध्यक्ष अजमेर किसान मोर्चा करतार जाट, भाजपा नेता ज्ञानाराम रणवां, कैलाश सारडा, श्रवण चौधरी, पुराराम जांगू, छित्तर माली, गिरधारी सिंह, अमरसिंह पीलवा, सोशल मीडिया संयोजक लक्की आचरा, विक्रम महावर, हनुमान चौधरी, रामदेव लेगा, विजय रैगर व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरचंद जाजड़ा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## हज के मुकद्दस सफर से लौटे हाजियों का किया इस्तकबाल

### कुचामन से हज के सफर पर गए हाजी घर लौटे



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** करीब 40 दिनों के बाद मक्का मदीना से हज का मुकद्दस सफर पूरा कर कुचामन शहर से हज के सफर के लिए गए 6 हजयात्रियों के सकुशल कुचामन पहुंचने पर शहर की सामाजिक संस्था मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के मेम्बरान व उनके रिश्तेदार, दोस्त एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने हाजियों के निवास स्थान पर जाकर उनका फूल-मालाओं से इस्तक़बाल कर तथा उनके गले मिलकर हज के सभी अरकान मुक्कमल करने पर मुबारकबाद दी। हाजियों ने सभी मुबारकबाद देने वालो को मक्का मदीने से लाई मीठी खजूरें खिलाई व वहां का पवित्र जल आब-ए-जमजम पीने को दिया। हाजियों ने उपस्थित जनो को हज के दौरान किये जाने वाले अरकानों व जियारतों के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए हज कमेटी ऑफ इण्डिया व राजस्थान स्टेट हज कमेटी जयपुर द्धारा की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताया। मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील व सेक्रेट्री अकीक अहमद उस्मानी ने बताया कि हजयात्रा 2022 में कुचामन शहर से जाने वाले 6 हजयात्रियों में खॉन मोहल्ला निवासी हाजी इमरान खॉन व उनकी वाल्दा हाजन आमना खातुन, व्यापारी मोहल्ला दीपपुरा रोड़ निवासी हाजी सराजुद्दीन मुगल व उनकी बीवी हाजन मुन्नी बानों, लुहारिया मोहल्ला निवासी हाजी इमरान तंवर व उनकी वाल्दा हाजन मुन्नी बेगम शामिल थे। इस्तक़बाल करने वालों में सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील, सेकेट्री अकीक अहमद उस्मानी, खजान्ची इमरान खान, सरवर तंवर, आरीफ टॉक, इकबाल खॉन, मोहम्मद हबीब मौलानी, जमीला बानों, जीनत महल, सरवर खॉन, अब्दुल हमीद आरबी, जावेद टॉक आदि शामिल थे।

## शिकायत पर भड़के आबकारी निरीक्षक : जलवानिया

### चार दुकान के अधीन दस ब्रान्च, ब्रान्च पर बिकती है नकली शराब

सहदेव चौधरी

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर में अंग्रेजी एवं देशी मदिरा की चार दुकान सरकार द्वारा लाटरी निकल कर लाइसेंसधारियों को आवंटित हुई है पर कालान्तर में आबकारी निरीक्षक से सांठगांठ कर प्रत्येक लाइसेंसधारी ने दो से तीन अवैध रूप से ब्रांच शहर के नामी गिरामी जगह पर संचालित कर रखी है। जानकारों का कहना है कि अवैध रूप से ब्रांच का पूरा ब्यौरा एवं लोकेशन आबकारी विभाग के पास अलग से डाले गए रजिस्टर में दर्ज है और उसी रजिस्टर में अवैध ब्रान्च का लेखा जोखा भी लिखा गया है, लेकिन इन अवैध ब्रांचों से गली मोहल्ले वाले डरे सहमें से हैं।

**ब्रांन्चों में बिकती है नकली शराब-**शहर में संचालित नो दस ब्रांचों में नकली शराब इसलिए बेची जाती है कि इसमें लाइसेन्स रद्द होने की कोई रिस्क नहीं है,जब ऐसी बन पड़ती है तो इनका मालिक कोई नहीं बनता है। यही वजह है कि यहां पर लोगों के जान की परवाह किए बिना जहरीली स्प्रीट से निर्मित शराब बेची जाती है, जिसमें शराब कारोबार करने वालों के बल्ले बल्ले है।



### ये कहा आबकारी निरीक्षक ने

शहर के निधि कांटा बाईपास से होकर जाने वाली सड़क पर रसोई साल्ट एवं जगदम्बा धर्म कांटा के पास अवैध ब्रान्च पर शराब बिकते देखकर नागौर डेली न्यूज के संवाददाता ने आबकारी निरीक्षक बाबूलाल जलवानिया से सम्पर्क किया तो बोले शहर में चार दुकान ही है, अवैध ब्रान्चें नहीं है और अगर है तो देख लेंगे, मेरे पास हवाई जहाज नहीं है जो अभी का अभी आ जांऊ। जबकि इस अवैध ब्रान्च की दूरी आबकारी थाने से एक किलोमीटर के लगभग ही है।

### प्रबुद्धजन करेंगे जिला आबकारी अधिकारी व जिलाधीश से सम्पर्क

शहर में बढ़ते नशे की लत एवं अवैध शराब की ब्रांचों से दु:खी मोहल्लेवासियों का कहना है कि अवैध ब्रांचों से दु:खी होकर जिलाधीश महोदय एवं जिला आबकारी अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया जायेगा।यदि जरुरत पड़ी तो अनशन जैसा कदम उठाकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा।

## सर्विस लाईन विजिबल अभियान के तहत हुई जांच

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** अजमेर विद्युत वितरण निगम डिस्कॉम ने बिजली चोरी रोकने के लिए सर्विस लाइन विजिबल अभियान शुरू किया गया है। डिस्कॉम के लाडनूँ कार्यालय कनिष्ठ अभियंता राजकुमार तुंगरिया ने बताया कि डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक नरेंद्रसिंह निर्वाण के आदेशानुसार लाडनूं शहर में विभिन्न जगहों पर डिस्कॉम की टीमों द्वारा सर्विस लाइन (मीटर की इनपुट साइड की लाइन ) को घरों व घरों की छत से बाहर की साईड निकाला गया व उसी के साथ कई घरों में लगे हुए पुराने चकरी वाले मीटर को भी बदला गया है। इस दौरान साहिल गौरी कनिष्ठ अभियंता, जगदीश शर्मा, मनोहर, अज़ीज़ अहमद आदि ने घरों में लगे 70 पुराने मीटर उतारकर डिजिटल मीटर लगाए। वंही अभियान के तहत लाडनूँ शहरी क्षेत्र में करीब 150 घरों व कारखानों में लगी हुई सर्विस लाईन की जांच कर घरों के अंदर लगी केबल को बाहर साईड में विजिबल किया गया। अभियान के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं से अपनी मीटर की सर्विस लाइन को विजिबल रखने की हिदायत दी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com